BSES

बीवाईपीएल व श्नाइडर के बीच समझौता, अब आपका घर बनेगा *स्मार्ट*

कमरे से निकलते ही स्वतः ऑफ हो जाएगी लाइट, मोबाइल फोन से कंट्रोल होंगे स्विच समेत बिजली के सभी उपकरण

नई दिल्लीः 27 जनवरी। बीवाईपीएल ने श्नाइडर इलेक्ट्रिक के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत, अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर उपभोक्ताओं के सामान्य घरों को *स्मार्ट होम* में तब्दील किया जाएगा। यह एक ऐसा स्मार्ट होम होगा, जहां की पूरी बिजली–व्यवस्था आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नवीनतम सेंसर व चिप के सहारे काम करेगी और व्यक्ति के कमरे से बाहर निकलते ही सारी लाइटें सवतः ऑफ हो जाएंगी। यही नहीं, स्मार्ट होम में आप स्विच समेत घर के सभी बिजली उपकरणों को अपने मोबाइल फोन से कंट्रोल कर पाने में सक्षम होंगे। यानी, आप ऑफिस में हों, मार्केट में या मॉल में, वहीं से आप अपने घर के बिजली उपकरणों को कंट्रोल कर सकते हैं।

खास बात यह है कि अपने घर को स्मार्ट बनाने के लिए आपको अपने बिजली सिस्टम व उपकरणों में बहुत ज्यादा बदलाव करने की भी जरूरत नहीं है। वर्तमान में आपके घर में लगे स्विच, इंटरनल वायरिंग व बिजली उपकरणों को भी स्टेट–ऑफ–द–आर्ट तकनीकों की मदद से स्मार्ट बनाया जा सकता है। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईओटी यानी इंटरनेट ऑफ थिंग्स टेक्नोलॉजी, नवीनतम सेंसर व चिप, आदि का इस्तेमाल कर, उपभोक्ता के घर के बिजली सिटम को मूवमेंट सेंसिटिव बनाया जाएगा और उपकरणों को आपस में एक–दूसरे से कनेक्ट किया जाएगा। इसके बाद उपभोक्ता उन उपकरणों को अपने मोबाइल फोन से कंट्रोल कर पाएंगे। सेंसर यह पता लगा लेगा कि कमरे में कोई है या नहीं। अगर कमरे में कोई नहीं है, तो वहां की सारी लाइटें भी स्वतः ऑफ हो जाएंगी।

स्मार्ट होम में बिजली की बरबादी पर तुरंत लगाम लगेगी, जिससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भी खासी कमी आएगी। इससे घरों में बिजली के सुरक्षित इस्तेमाल को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस समझौते के मौके पर बीवाईपीएल सीईओ श्री पी.आर कुमार और श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के वाइस प्रेजिडेंस श्री श्रीकुमार सी. आर व डायरेक्टर होम एंड डिस्ट्रिब्यूशन सुश्री मोनालिस बडोला मौजूद थे।

समझौते के तहत, पूर्वी व मध्य दिल्ली में मोहल्ले के लोकल इलेक्ट्रिशनों को श्नाइडर प्रशिक्षण भी देगी और उन्हें बिजली के काम में दक्ष बनाया जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि ये लोकल इलेक्ट्रिशियन, उपभोक्ताओं के घरों में सुरक्षित तरीके से बिजली से जुड़े कार्य कर पाएंगे ताकि बिजली संबंधी दुर्घटनाओं की आशंका न रहे। गौरतलब है कि घरों में बिजली के काम के बाद अगर पूरे लूप को ठीक से क्लोज न किया जाए, तो शॉर्ट सर्किट और लीकेज का खतरा बना रहता है, जो लोगों की जिंदगी के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है। इस ट्रेनिंग के दौरान इलेक्ट्रिशियनों को न सिर्फ बिजली संबंधी कार्य करने का सही तरीका बताया जाएगा, बल्कि उन्हें अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर यानी ईएलसीबी और रेसिड्यूअल करंट सर्किट ब्रेकर यानी आरसीसीबी, आदि के महत्व के बारे में भी बताया जाएगा। इलेक्ट्रिशियनों को होम ऑटोमेशन के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

इस प्रशिक्षण सत्र में उन लोकल इलेक्ट्रिशयनों के लिए एक रिफ्रेशर कोर्स भी होगा, जिन्हें पहले खुद बीएसईएस प्रशिक्षित कर चुकी है। ये इलेक्ट्रिशियन नए इलेक्ट्रिशियनों को फील्ड में अपने अनुभव का कार्यो के बारे में भी बताएंगे। श्नाइडर द्वारा प्रशिक्षित इलेक्ट्रिशियनों की लिस्ट बीएसईएस की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर अपलोड की जाएगी।

समझौते के तहत, बिजली के सुरक्षित इस्तेमाल और बिजली संबंधी खतरों से बचाव के लिए रेसिड्यूअल करंट सर्किट ब्रेकर यानी आरसीसीबी भी पेश किए जाएंगे। यह एक ऐसा उपकरण है, जो उपभोक्ताओं के घरों में बिजली की छोटी–से–छोटी लीकेज को भी पकड़ लेगा और बिजली को ट्रिप कर उसे डिस्कनेक्ट कर देगा। आरसीसीबी व्यक्ति को करंट व शॉक लगने से बचाव में महत्वपूर्ण

भूमिका निभाएगा। आरसीसीबी घरों की दोषपूर्ण वायरिंग को भी डिटेक्ट कर लेगा। साथ ही, वायर अगर आपस में इंटरमिक्स हो रहे हैं, तो भी यह उपकरण बिजली को डिसकनेक्ट कर देगा, और दुर्घटनाओं से बचाएगा।

बीवाईपीएल और श्नाइडर इलेक्ट्रिक के बीच हुई साझेदारी के बारे में बीवाईपीएल सीईओ श्री पी. आर. कुमार ने कहा– बीएसईएस एनर्जी एफिशिएंसी, सस्टेनेबल विकास और उपभोक्ताओं की सेफ्टी के लिए प्रतिबद्ध है और यही कारण है कि हम लगातार इस दिशा में नई–नई पहल कर रहे हैं। हमारे इन्हीं प्रयासों की नई कड़ी है, श्नाइडर के साथ हमारी साझेदारी। मुझे विश्वास है कि इस सहयोग से हम न सिर्फ एक–दूसरे की शक्तियों का पूरा फायदा उठा सकते हैं, बल्कि सुरक्षा और एफिशिएंसी के प्रयासों को भी इससे काफी बढ़ावा मिलेगा।

इस बारे में श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया की डायरेक्टर होम एंड डिस्ट्रिब्यूशन सुश्री मोनालिसा बडोला ने कहा– बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के साथ हमारी साझेदारी बिजली वितरण में सेफ्टी को लेकर श्नाइडर इलेक्ट्रिक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम बीएसईएस के साथ साझेदारी से काफी प्रसन्न हैं। पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिलने के अलावा, इस प्रयास से उपभोक्ताओं को बिजली खपत के मामले में और अधिक एफिशिएंट बनाया जा सकेगा तथा यह भी सुनिश्चित किया जा सकेगा कि हर जगह और हर वक्त *लाइफ इज ऑन*।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

....